तेजसमाचार
खबरों की खबर

# शिरपुर : आबकारी विभाग ने 3.5 लाख की नकली शराब पकड़ी- शराब बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

 September 18, 2019



**धुलिया (वाहिद काकर):** 18 सितंबर बुधवार की शाम आबकारी विभाग द्वारा शिरपुर तहसील के आदिवासी बहुल धाबा देवी पाडा स्थित एक पहाड़ी के पीछे स्प्रिट से नकली शराब बनाने की फेक्ट्री की खुफिया जानकारी के आधार पर दबिश देकर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। यहां से नकली शराब, खाली क्वार्टर , स्प्रिट का 1000 लीटर ड्रम सहित अन्य सामान बोतले ढक्कन सीलिंग मशीन बरामद किया है। जिस में 3 लाख 49 हजार3सौ 20 की नकली शराब डेढ़ लाख का वाहन और एक दस हजार रुपये की इलेक्ट्रिक मोटर जबकि है कुल मिलाकर 5 लाख 93 हजार 620 की सामग्री बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

तहसील के धाबा देवी पाडागांव में पहाड़ी इलाके में एक झोपड़पट्टी आवास पर नकली शराब बनाने का कारोबार करने वाले आबकारी विभाग को आते देख भाग गए। आबकारी विभाग ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।शिरपुर आबकारी निरीक्षक सूर्यवंशी को बुधवार की दोपहर सूचना मिली कि धाबा देवी पाडा में शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। इंस्पेक्टर दल बल के साथ बताए स्थान पर पहुंचे। आबकारी पुलिस को देख चार से पांच आरोपित भाग गए। आबकारी को मौके पर भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का जखीरा मिला।

यहां पर 53 हजार के पांच ड्रम में स्प्रिस्ट , दो लाख 37 हजार१२० रुपये की देसी शराब भिंगरी संत्रा १८० मिली के ९५ बॉक्स ४५६० बोतलें नकली शराब मिली। इसके अलावा नकली शराब को पैक करने के बॉक्स मिले। पैकिंग की मशीन और रेपर और होलोग्राम भी पुलिस ने मौके से बरामद किए। आबकारी विभाग ने एक पिकअप वाहन समेत करीब पांच लाख 93 हजार छःसौ बीस रुपये की सामग्री जब्त की है ।

इस मामले में आबकारी विभाग ने अज्ञात शराब निर्माताओं के विरुद्ध आबकारी विभाग की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस दबीश कार्रवाई को निरीक्षक सूर्यवंशी .एम.पी.पवार, दुय्यम निरीक्षक शिरपूर, एस.आर.नजन दुय्यम निरीक्षक.एन.एस.गायकवाड हाडाखेड , के.एन. गायकवाड ,दुय्यम निरीक्षक साक्री .डी.एस.देशमुख दुय्यम निरीक्षक जवान शांतीलाल देवरे, गोरख पाटील, भालचंद्र वाघ, केतन जाधव, ए.व्ही. भडागे. के.एम.गोसावी, वाहन चालक व्ही.बी.नाहीदे ,रवींद्र देसले आदि ने अंजाम दिया अगली जांच पड़ताल बी.आर.नवले कर रहे हैं।

Source: http://www.tezsamachar.com/shirpur-excise-department-gets-3-5-lakh-fake-liquor-liquor-factory-busted/